Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 16-03-2023 | अंक 513

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25 कांडो में वांछित जोनल कमांडर गिरफ्तार

## तीन जिलों के विभिन्न थानो में दर्ज है 25 मामले

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ लगातार सफलता हाथ लग रही है। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी अंजली अंजन ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि तीन जिलों में नक्सली घटना को अंजाम देने वाले भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर शीतल राम को लातेहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफल हुई है। साथ ही उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष से झारखण्ड पुलिस द्वारा उग्रवाद के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है।लातेहार पुलिस, झारखण्ड जगुआर, कोबरा, सीआरपीएफ के संयुक्त टीम से लातेहार जिला के अलग-अल क्षेत्रों में सक्रिय रहकर नक्सलियों के विरुद्ध सतत उपलब्धि हासिल कर रही हैं। इसी क्रम में अ०परेशन डबल बूल गोताग इलाके में (लातेहार लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र) एवं ऑपरेशन ऑक्टोपश जो कि बुढा पहाड़ क्षेत्र में चलाया गया। दोनो ही अभियानों में सुरक्षा बलो को




काफी कामयाबी मिली। इस अभियान के फलस्वरु नक्सली कमांडर अपने दस्ते के साथ भागने को मजबूर हुए है। कई मौके पर सूरक्षा बलो ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, आईईडी, कारतुस बरामद करने में भी सफल हुई है। आँपरेशन डबल बूल मुख्यतः रिजनल कमिटी मेंबर रबिन्द्र गंझू के दस्ते के खिलाफ चलाया गया था, जिसके सक्रिय सदस्यो में मुनेश्वर गंझू, काजेश गंझू, शीतल मोची प्रमुख हैं। शीतल मोची इस दस्ता का आइडी एक्सर्पट माना जाता था जिसने कई मौको पर आईडी प्लांट कर सूरक्षा बलों को नुकसान पहुचाने कि कोशिश की। इस दस्ते के द्वारा लगाये गये आईडी से महिलाएं और निर्दोष ग्रामीण या तो मारे गए आ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस कप्तान अंजली अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के आस पास के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के रिजनल कमाण्ड रविन्द्र गंझू का दस्ता भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी एवं बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर, ईंट भट् व्यवसायी, संवेदक एवं अन्य व्यवसायियों को फोन कर लेवी एवं रंगदारी मांगने एवं लेवी का पैसा लेने तथा किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के ईरादे से जमा हुए थे। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक विशेष अभियान का योजना बनाकर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसके पश्चात उक्त टीम के साथ सूचनास्थल शांती जंगल में पहुंचा, तो पुलिस बल क देखते ही कुछ हथियारबन्द उग्रवादी भागने लगे। भागने के क्रम में काफी मशक्कत के बाद एक उग्रवादी को खदेड़कर लोडेड देशी पिस्टल, एके-47 का कारतुस एवं लेवी के पैसे के साथ पकड़ा गया तथा पकड़ाये उग्रवादी से नाम पता पूछने पर अपना नाम शीतल राम उर्फ शीतल मोची उर्फ शीतल रविदास, उम्र 30 वर्ष, पिता स्व काली राम उर्फ कैला राम, सा हुण्डराटांड़, गणेशपुर, थाना बा. लूमाथ जिला लातेहार एवं प्रति. बंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी का जोनल कमाण्डर बताया। उक्त पकड़ाये उग्रवादी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बालूमाथ थाना में मामला दर्ज किया गया। उक्त गिरफ्तार उग्रवादी के विरुद्ध लातेहार, गुमला, लोहरदगा के विभिन्न थाना में कुल 25 काण्ड दर्ज है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से बरामद सामान 1. एक 7.65 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल 2. 7.65 एमएम का 05 राउण्ड जिन्दा गोली 3. 7.62 एमएम का एके-47 रायफल का 20 राउण्ड जिंदा गोली 4. लेवी का राशि 10,000 रूपये छापामारी दल में बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, बालूमाथ अंचल थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ थाना थाना प्रभारी कैलाश बाड़ा, पारसनाथ प्रसाद, मुकेश चौधरी, नितिश कुमार, धिरज कुमार, कुबेर साव, दुति कृष्ण महतो, रामजी ठाकुर, सैट 208 मकईयाटांड़ पिकेट सशस्त्र बल और सैट 204 तेतरियाखाड़ पिकेट के जवान शामिल थे।

# हजारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष करते है मनमानी, सदस्यों ने खोला मोर्चा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**






हजारीबाग : हजारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के तानाशाही रवैये की वजह से उनके ही बार के सदस्यों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. धरना दे रहे अधिवक्ता मनमीत अकेला और अन्य अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना जी.बी. मीटिंग के 'बार एसोसिएशन के अध्यक्ष' राशि खर्च कर रहे है.

### खर्च करने की सीमा से अधिक कर रहे खर्च

अधिवक्ताओं ने बताया कि हमलोग धरना पर इसलिए बैठे है की जब से ये कमिटी बनी है तब से मनमानी कर रही है और बिना जी.बी.मीटिंग के अपने मन से सब काम कर रही है, जी.बी.मीटिंग हर तीन महीने में एक बार बुलानी चाहिए, 300 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त आवेदन देने के बावजूद इन्होने जी.बी. मीटिंग नहीं बुलाई, जिसके वजह से अधिवक्तागण अपनी बातें नहीं रख पा रहे है. बिना जी.बी. मीटिंग किए और बगैर सदस्यों के अनुमति के ये खर्च पर खर्च किये जा रहे है जबकि ये करने के लिए मीटिंग में प्रस्ताव करना होता है, लेकिन ये लाखों-लाख खर्च कर रहे है जिसकी अनुमति इन्हें जी.बी. मीटिंग में लेनी होती है.

### माँगा आय-व्यय का रिपोर्ट

धरना दे रहे अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष से मांग किया है कि पिछले वर्ष के आय-व्यय की ऑडिट कराकर इसे सार्वजानिक किया जाये. हर साल ऑडिट रिपोर्ट होती है लेकिन इन्होने अपने कार्यकाल का अभी तक ऑडिट रिपोर्ट साझा नहीं किया है.

### अपने वोट बैंक वालों के लिए हमेशा रहते है मददगार

अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष पर आरोप लगाया की ये अपने वोट बैंक वालों के लिए हमेशा मद. दगार रहते है, जो रेगुलर कोर्ट नहीं आते है जो इनको वोट देते है उनको त्योहार-भत्ता देते है, और जो इन्हें वोट नहीं देते है और जो कोर्ट में रेगुलर है उनका श्त्योहार-भत्ताश पानेवालों के सूची से नाम काट देते है. इस कमिटी ने किसी भी प्रकार का कोई मापदंड तय नहीं किया हुआ है.

इसके साथ-साथ इस वर्ष जिन अधिवक्ताओं को श्त्योहार-भत्ताश नहीं मिला उसका कारण स्पष्ट करते हुए बताया जाये की आखिर उन्होंने किस वजह से ऐसा किया? क्या इसके लिए सदस्यों से राय-मशवरा किया गया था?

ध्यान देनेवाली बात ये है कि इस श्बारश से वैसे भी सदस्य है जो सिर्फ श्वोटिंग और त्यो. हारी भत्ताश के लिए ही आते है. आखिर वैसे अधिवक्ताओं को अध्यक्ष किस आधार पर ये फायदा पंहुचा रहे है.

### अधिवक्ताओं की मांग

अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष से मांग किया है की जनरल मीटिंग को जल्द-से-जल्द बुलाया जाये ताकि सभी बार सदस्य अपनी बातों को वहां रख सके.

### पूरी कमिटी की है जिम्मेदारी

धरना दे रहे अधिवक्ताओं ने पूरी कमिटी को इसके लिए ज़िम्मेदार बताया है और कमिटी का ही विरोध किया जा रहा है परन्तु इस कमिटी के सर्वेसर्वा अध्यक्ष है तो उनकी जिम्मेदार इस मामले में बनती है. धरना में रंजीत यादव, ब्रजेश कुमार, महावीर साहू, दीपक चंद्रवंशी, नंदू बाबु, दयानंद, निलेश, योगी, मनीष, वेंकटेश्वर, महंत विजयानंद दास सहित अन्य अधिवक्तागण थे.

धरना दे रहे अधिवक्ताओं की मांगो को सुनने और धरना बंद करने के लिए अध्यक्ष ने अपनी तरफ से कोई पहल नहीं किया है.

24 घंटे सेवा
HOTEL
आकाश पैलेस
9122662308
6299699176
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा के दौरान वर्चस्व को लेकर हुई विवाद में पूर्व विधायक, अरुण साहू सहित 6 पर प्राथमिकी दर्ज

### दोनो पक्षों की ओर से एक दूसरे के समर्थकों ने दर्ज कराई है प्राथमिकी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मनोज यादव एवं अरुण साहू

पिछले 24 फरवरी को भगवती मंदिर परिसर में आयोजित कलश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू के समर्थकों के बीच हुई मारपीट, गली गलौज एवं वर्चस्व को लेकर हुई विवाद में दोनो पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहली प्राथमिकी एक मार्च को वादी रितेश कुमार गुप्ता के द्वारा दर्ज कराई गई है। जिसमे टीएसएस नेता अरुण कुमार साहू, पिता स्व तिलेश्वर साहू , बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, धनवाद रोड बरही निवासी सन्नी गुप्ता पिता दिलीप गुप्ता सहित अरुण साहू के चार अंग रक्षकों अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिकी में रितेश गुप्ता ने बताया की 24 फरवरी को आयोजित कलश यात्रा के दौरान उपरोक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं इसी मामले में दूसरी प्राथमिकी मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल शर्मा उर्फ छोटन ठाकुर के द्वारा सात मार्च को दर्ज कराई गई है। इसमें पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर पिता सूर्यनारायण ठाकुर, रितेश कुमार गुप्ता पिता स्व दशरथ प्रसाद को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। उपरोक्त लोगों पर कलश यात्रा के दौरान मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी एवं छिनतई का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। ज्ञात हो की 24 फरवरी को आयोजित कलश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव एवं टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू के समर्थकों के बीच नोक झोंक की वीडियो वायरल भी हुआ था। हालांकि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में अच्छे स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अग्रसर है। इसी कड़ी में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए फाइलेरिया क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। क्लिनिक का शुभारंभ बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने फीता काटकर किया। जहां जिला वेक्टर बॉन्ड डिजीज के सलाहकार मैमून सुलतान भी मौजूद रहे। फाइलेरिया क्लिनिक में चिकित्सक के रूप में डॉ अर्जुन सोरेन रहेंगे और यह क्लिनिक सप्ताह के शुक्रवार को नियमित तौर पर चलेगी। मौके पर चमेली देवी, जोगनी देवी, जुलेखा खातून, संजय प्रसाद, रुखसाना खातून, शिला देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, मनिता देवी, सीता देवी, बबिता देवी, सुदामा देवी, आरती देवी, तारा देवी, कामेश्वर प्रसाद मेहता, राजू मेहता, पूनम देवी, मनवा देवी एवं मंजू देवी का इलाज किया गया। और दवाइयों के साथ टब, मग, तौलिया, सेवलॉन, लाइफबॉय एवं एंटीफंगल क्रीम आदि मुफ्त में दिए गए। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की फाइलेरिया परजीवी द्वारा होने वाला रोग है, जो धागा के समान दिखने वाला फाइलेरियोडी नामक निमोटेड होता है। यह प्रायः संक्रामक है उन्होंने बताया की फाइलेरिया के आठ प्रकार के नेमोटेड ज्ञात है जो मानवों को अपना निशाना बनाते है। आजकल हमलोग इसको समाप्त करने का पूरा प्रयास कर रहे है। जिसके लिए टीक. ाकरण भी शुरू किया गया है। इस बीमारी में मरीजों के पैर फूल जाते है, इसीलिए आमतौर पर इसे हाथी पांव भी कहा जाता है। मौके पर प्रधान लिपिक पंकज कुमार, डॉ अर्जुन सोरेन, मलेरिया सुपरवाइजर मो इरशाद आलम, डॉ मो एजाज, डॉ मो मेराजूल इस्लाम सहित अस्पताल के कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

## क्या कभी मिलेगा सुदामा मोसोमात को घर बनाने के लिए जमीन, सालों से जमीन के लिए लगा रही अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत की सुदामा मोसोमात पिछले एक सालों से जमीन मुहैया कराने को लेकर अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रही है। लेकिन पिछले एक साल से अभी तक उन्हें घर बनाने के लिए जमीन नही मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोसोमात सुदामा एक गरीब, असहाय और विधवा महिला है। जिसके पास ना तो घर बनाने के लिए जमीन है और ना ही रहने के लिए घर है। अपना घर नही होने के कारण विधवा महिला मलकोको में संचालित मध्य विद्यालय में रहने के लिए मजबूर है। ज्ञात हो की पीड़ित महिला को अंबेडकर आवास भी मिला हुआ है लेकिन उनके पास घर बनाने के लिए जमीन नही है। महिला ने घर बनाने के लिए जमीन मुहैया कराने को लेकर बरही अंचल कार्यालय सहित अनुमंडल कार्यलय का पिछले एक वर्षो से चक्कर लगा रही है। इतना ही नहीं उन्होंने जमीन मुहैया कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव से भी गुहार लगाई है लेकिन सभी ने उनकी गुहार को नजरंदाज कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया की उनकी गरीबी को देखते हुए सरकारी स्तर पर अंबेडकर आवास की स्वीकृति भी मिली है और उनके खाते में एक किस्त की राशि भी आई है। लेकिन जमीन नही होने के कारण आवास बनाने का काम शुरू नही हो पाया है। इस महिला को मदद करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास आगे आए। उन्होंने भूमिहीन महिला को आवास बनाने के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने के लिए पहल की। भूमि आवंटन को लेकर सारी कागजी प्रक्रिया भी पूरी की गई। अंचल अमीन के द्वारा नक्शा बनाकर जमीन भी चिन्हित की गई। लेकिन जैसे ही उस जमीन पर आवास का काम शुरू किया गया वैसे ही गांव के कुछ लोग अपना जमीन बताकर जमीन पर कब्जा करने लगे। जिससे आवास का काम रुक गया, महिला ने भावुक होकर कहा की ना ही अब मुझे स्थानीय प्रशासन और जनप्रति. निधि से कोई उम्मीद नहीं रही।

## पीएम किसान योजनान्तर्गत पंचायतों में कैम्प आयोजित करने के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला कृषि पदाधिकारी हजारीबाग के आदेशानुसार किसानों को खेती कार्य हेतु आर्थिक सहयोगार्थ केन्द्र प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना सभी जिलों में चलाई जा रही है। ज्ञात हो कि इस योजनान्तर्गत 13वीं किस्त (दिसम्बर मार्च 2023) की राशि उन्हीं लाभुक किसानों को विमुक्त की जायेगी, जिनका बैंक खाता आधार सीडिंग से जुड़ा हुआ तथा डीबीटी हेतू उपयुक्त होगा। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार इन्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाने एवं आधार सीडिंग हेतू पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों को लेकर बरही प्रखण्ड परिसर स्थित सिंगल विंडो में कृषक मित्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो, बीएओ आजाद सिंह, सीआई सतीश सिन्हा, कर्मचारी रीतलाल रजक, अवधेश चौधरी, जीवलाल, सहोदर, सागर सहित दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।






## विश्रामपुर गांव में जहर खाने से मां बेटे की मौत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नयाटाण्ड़ पंचायत स्थित बिश्रामपुर गांव निवासी 65 वर्षीय मां मसोमात लुखरी देवी एवं पुत्र 40 वर्षीय रमेश भुइयां दोनों मां बेटे का मौत विषपान करने से हो गई। घटना बुधवार रात्रि 10 बजे की है। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम 7 किसी मामूली सी नोकझोंक को लेकर मां और बेटे आपस में उलझ गए और दोनों में वाद विवाद होने लगा। इसी क्रम में मां लुखरी ने बेटे के सामने ही जहर खा ली, जहर खाते देख बेटे ने भी जहर खा ली और अपने को घर के अंदर बंद कर लिया। इसकी भनक आ. सपास के ग्रामीणों को 3 घंटे बाद रात लगभग 10 बजे मिली तो दोनों की स्थिति बेहद खराब एवं गंभीर देखी गई। ग्रामीणों के प्रयास से एंबुलेंस मंगाया गया दोनों को इलाज के लिए बड़कागांव हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने 40 वर्षीय रमेश भुइया को मृत घोषित कर दिया वहीं मां को इलाज के लिए हजारीबाग सदर ह०स्पिटल भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान रात्रि 2 बजे मां की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। बताया जाता है कि बेटे ने मां से अधिक जाहर का डोज ले लिया था। रमेश हमेशा नशा में रहा करता था ट्रैक्टर में मजदूरी कर बालू भरा करता था वह अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्री एवं एक पुत्र छोड़ गया। मृतिका मां अपने बेटों से अलग रहकर अपना किसी तरह भरण-पोषण करती थी।

## हजारीबाग पुलिस को एनटीपीसी पंकरी बरवाडी ने दिया सौगात




**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपनी स्थापना के बाद से सामाजिक उत्थान के कार्यो में लगी हुई है। कंपनी के द्वारा विभिन्न स्तर पर समाज को सशक्त बनाने के लिए काम किए जा रहे हैं। अब इसी कड़ी में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने हजारीबाग जिले की पुलिस को और सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक भेंट किया है। यह चेक पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने हजारीबाग जिला के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को सौंपा। पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना ने यह राशि पुलिस विभाग को व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधित उपकरण जैसे जैकेट, हेलमेट, हेड कवर, काले चश्मे, दस्ताने, जूता आदि जैसे प्रोटेक्टिव गियर्स को खरीदने के लिए दिया है। पिछले वर्ष भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने पुलिस विभाग को 5 लाख रुपए की राशि दी थी जिससे पुलिस विभाग ने अलग-अलग सुरक्षात्मक उपकरण खरीदे थे। इस मौके पर हाल ही में अपना पदभार ग्रहण करने वाले चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के प्रमुख अनिमेष जैन ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से बुके देकर औपचारिक मुलाकात की। मौके पर सीजीएम शिवम श्रीवास्तव, सीजीएम अनिमेष जैन के अलावा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना भी मौजूद रहे।









## खाली शराब का बोतल लदा ट्रक धराया, तस्कर फरार जाँच में जुटी पुलिस




**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने अवैध खाली शराब का बोतल जप्त किया। हालांकि चालक सहित तस्कर भागने में सफल रहा है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए चौपारण पुलिस ने वरीय पुलिस अधिकारियो को सूचना मिला था कि दादपुर पंचायत के नेवरीकरमा में अवैध रूप से एक ट्रक संख्या डब्लू बी 65 बी 7478 खड़ा है। टीम गठित कर उक्त वाहन का जांच पड़ताल किया गया। पुलिस ने खोजबीन किया तो वहां कोई नजर नही आया। पुलिस उक्त वाहन को जप्त कर चौपारण थाना ले आई। इस संदर्भ में चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक में शराब का खाली बोतल लदा हुवा है। ट्रक का जांच पड़ताल जारी है। तस्करों की पहचान कर कार्यवाई किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में थाना प्रभारी ने बताया कि चालक वाहन छोड़ पर फरार हो गया था। मालूम हो कि चौपारण के रास्ते भारी मात्रा में अवैध शराब को बिहार भेजा जाता है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि खाली बोतल का प्रयोग नकली व अवैध शराब बनाने में प्रयोग किया जाता। हालांकि ये किसका ट्रक है इसको किसने लाया। इन सब बातें पर जांच पड़ताल जारी है। ,

## किसानों से धान खरीद कर झारखंड सरकार नहीं दे रही पैसे, ऑफिस का चक्कर लगाने में गुजर रहा समय

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : प्रखण्ड के दादपुर और झापा पंचायत के कई किसानों के द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित दर पर अधिपति केंद्र झापा पैक्स में धान का विक्रय वर्ष 2021 - 22 में किया गया था। जिसके आलोक में किसानों को 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अप्रैल 2022 में किया गया है। वहीं 50 प्रतिशत राशि का भुगतान एक साल बाद भी लम्बित है। किसानो को शेष राशि को लेने में नौ दिए तेल जल रहा है। पर झारखंड सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है।

### पंचायत के 31 किसानों के 16 लाख बकाया

इस सम्बंध में किसान लाभुकों ने बताया कि दादपुर और झापा पंचायत के 31 किसानों का लगभग 16 लाख रुपए बकाया है। 31 किसानों के द्वारा 1473.51 क्विन्टल का 1080 रुपए के दर से 1591390.80 रुपए बकाया है। जिसकी मांग के लिए किसान लगातार विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। उपायुक्त हज़ारीबाग़ को भी दिसम्बर 2022 में आवेदन सौंप कर भुगतान की मांग कर चुके हैं।

### भुगतान नहीं होने से किसान परेशान , आर्थिक स्तिथि दयनीय

किसानों के शेष राशि भुगतान नहीं होने से किसान काफी परेशान हैं और इनकी आर्थिक स्तिथि काफी दयनीय हो गई है। किसानों से विभाग के अधिकारियों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। इन किसानों को शेष राशि का भुगतान झारखंड स्टेट फूड क०रपोरेशन के तहत होना है। जो अब तक लम्बित है। इस सम्बंध में एमओ कारू राम ने बताया कि कुछ किसान लाभुकों द्वारा धान विक्रय का पूर्णरूपेण भुगतान नहीं होने का शिकायत जिला को दी गई थी। आवेदन के आलोक में लाभुक सही हैं या नहीं इसका जांच कर मुझे रिपोर्ट मांगा गया था। मेरे द्वारा रिपोर्ट भेज दिया गया है।

### क्या कहते हैं डीएसओ

इस सम्बंध में डीएसओ हजारीबाग अरबिंद कुमार ने बताया कि जितना खरीद हुई है उस हिसाब से पैक्स से धान नहीं आया है। जिस कारण से आवंटन नहीं मिला और कुछ लाभुकों का भुगतान रुका हुआ है। यह समस्या सिर्फ हज़ारीबाग का ही नहीं पूरे राज्य का है। इस सम्बंध में स्टेट की समीक्षा बैठक में भी कई बार रख चुका हूं। पर विभाग को आवंटन अब तक नहीं मिला है। विभाग से आवंटन मिलते ही शेष राशि का भुगतान किया जायगा। विभाग वैसे लोगों से रिकवरी भी करेगा। जिन्होंने धान दिए बिना ही राशि ले चुके हैं।

### क्या कहते हैं विधायक

विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने कहा कि मैं सभी किसानों द्वारा खून-पसीने से उपजाया गया झापा पैक्स में दिया गया धान की राशि को डीसी मैम के द्वारा जल्द ही दिलवाने के लिए लगे हुए है।




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विहिप करेगा आज बरही शमशान घाट परिसर की सफाई, सदस्यों ने किया मुआवना

### 12 से 19 मार्च तक चलाया जा रहा है मठ, मंदिर एवं शमसान घाट की सफाई का कार्यक्रम : नंद किशोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शमशान घाट की मुआवना करते विहिप के लोग

बरही विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रव्यापी कार्य योजना के तहत सेवा सप्ताह के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद की अनुषंगीक ईकाई बजरंग दल के द्वारा दिनांक 12 से 19 मार्च तक मठ मंदिर एवं श्मशान घाट की साफ सफाई करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार से बरही शमशान घाट से किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर बरही प्रखंड अध्यक्ष् नंद किशोर कुमार के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद बरही के कार्यकर्ता गण गुरुवार को श्मशान घाट का मुआयना करने पहुंचे और वहां की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को आवश्यक सामग्री के साथ पहुंचकर पूरे श्मशान घाट परिसर की साफ–सफाई करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया की शुक्रवार को शमशान घाट परिसर में लगाए गए नए पौधों में सिंचाई का कार्य किया जायेगा। इस कार्यक्रम पर अपने विचार देते हुए प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने कहा कि हम सभी सनातनी परिवारों का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि जिस तरह से हम अपने घर आंगन को साफ सुथरा रखते हैं, उसी तरह से क्षेत्र के मंदिर मठ एवं श्मशान घाट की भी साफ–सफाई सुनिश्चित रखें । किसी भी जनमानस को किसी तरह की अनावश्यक गंदगी का सामना नहीं करना पड़े और लोग अपने अपने कार्यों का संपादन कर सकें। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की की जीवन के अंतिम यात्रा को जाने वाले व्यक्तियों के कार्यक्रम में प्रयुक्त सामग्री को इधर–उधर ना फेंके और उन्हें व्यवस्थित कर एक जगह जमा करके जला दिया करें। दूसरे परिवारों को गंदगी के कारण कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इस कार्यक्रम में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, निरंजन केसरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है कान्हाचट्टी की मवेशी अस्पताल

### जर्जर भवन में संचालित है मवेशि अस्पताल, कोई नहीं है इस अस्पताल का सुधि लेने वाला







**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के एक मात्र मवेशी अस्पताल पिछले पांच वर्षो से अपनी जर्जर भवन की दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है लेकिन इस अस्पताल के आँसू पोछने वाला पिछले पांच कर्षो से कोई नहीं मिला ।बताते चलें कि प्रखण्ड के पुराना प्रखण्ड के सामने और चिरिदिरी पंचायत सचिवालय के बगल में स्थित है मवेशी अस्पताल का वह जर्जर बिल्डिंग,जिसमे ना ही अच्छी खिड़कियां है और ना ही बढियाँ दरवाजा ।वह भवन पिछले पांच वर्ष से खुद बीमार है तो वहां से बीमार जानवरो का इलाज वह कैसे करेगा ।इस अस्पताल में छत का भी जर्जर स्थिति है,सभी खिड़कियां टूटी फूटी स्थिति में है ।बर्षात में तो उसमें बैठना भी खतरे से लड़ना है ।बर्षात में अभी खिड़कियों से रूम में पानी तो घुस ही जाता है छत्त से भी पानी टपकते रहता है ।ऐसे में बीमार मवेशियों का इलाज संभव नहीं होगा।

**चिकित्सक का भी हो गया ट्रांसफर :** इस जर्जर मवेशी अस्पताल में एक चिकित्सक खेली जिनका स्थानांतरण गोरिया करमा हजारीबाग जिला कर दिया गया केवल यह यहां यह प्रभार में चल रहे हैं यदि किसी किसान के मवेशी बीमार पड़ जाती है तो वह निजी चिकित्सकों के भरोसे रहते हैं कई मवेशी लगातार बीमार रहते हैं बावजूद इस जर्जर अस्पताल में भवन तो जर्जर है ही डॉक्टर की भी स्थिति जर्जर हो गई है जिसके लिए कान्हाचट्टी प्रखंड के किसानों ने उपायुक्त से इस जर्जर अस्पताल के भवन को बनवाते हुए चिकित्सक पदस्थापन की मांग की हैं।

## एसवीएम लातेहार में अभिभावक आचार्य संगोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को अभिभावक आचार्य (पीटीएम) बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वार्षिक परीक्षा की क०पी सभी अभिभावकों को एक–एक कर दिखाई गई। भैया बहनों के अभिभावक अपने बच्चों की क०पी को देखकर खुश हुए एवं अपने विचारों को रखा। साथ ही अभिभावकों द्वारा आए सुझावों को नोट भी किया गया। दूसरी कक्षा के भैया जलज के अभिभावक ने बताया कि छोटे– भैया /बहन प्रश्नोत्तर को आसानी से बोल पाते हैं, परंतु लिखने में कुछ परेशानी भी होती है, कॉपी को देखकर यह पता चल जाता है कि भैया बहन कितनी अच्छी तरह से परीक्षा दिए है ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि कॉपी यो को देखने से भैया बहनों की शैक्षिक योग्यता का पता चलता है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कैंडी नगर देवी मंडप के प्रांगण में राम नवमी पूजा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : गुरुवार को गांव के देवी मंडप के प्रांगण के रामनवमी पूजा को शांति और सुचारू रुप से संचालन को लेकर बैठक हीरालाल राणा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कैंडी नगर के देवी मंडप से प्रत्येक वर्ष रामनवमी पूजा किया जाएगा सर्व समिति से 2023 रामनवमी पूजा के सफल संचालन को लेकर निम्न पदों के लिए चयनित किया गया जिसमे, अध्यक्ष :– छोटेलाल राम उपाध्यक्ष :–दीपक कुमार सचिव :– जागेश्वर प्रजापति उपसचिव :–धर्मेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष :–उदय चंद्रवंशी उप कोषाध्यक्ष :–रवि राणा बैठक में निम्न ग्रामीणों ने अपनी प्रस्तुति दर्ज कराई।. मौके पर आदित्य राम रेवल राणा रामाधीन राम मथुरा राणा महेश प्रजापति आदित्य राणा रामजी राम रामविलास राम तिलेश्वर राम गोविंद राणा रवि राणा मनोज राम राजेंद्र दास रामखेलावन राम खिरोधर प्रजापति सुनील दीपक मनोज बसंत चंदन संदीप कुंदन अभिषेक सुजीत अरविंद उमेश मिंटू अमित विकास विशाल पंकज राजन अभिषेक इत्यादि सैकड़ों ग्रामीणों ने इस बैठक में भाग लिया।

## बड़कागांव चोरका नदी पर बन रहे पूल में घटिया मसालों का प्रयोग, बीडीओ ने किया निरीक्षण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के चोरका नदी में रामेश्वरम कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाए जा रहे पूल का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्माण स्थल पर पहुंचे तो निर्माण में घोर अनियमितताएं देखी गई। रामेश्वर कंस्ट्रक्शन के द्वारा फाउंडेशन के पीसीसी पर बहुत ही घटिया किस्म के मसाले का प्रयोग किया जा रहा था। जिसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौके पर पुल निर्माण कर्मियों को हिदायत दी। बता दें कि रामेश्वरम कंस्ट्रक्शन के गलत रवैए के कारण अप्रोचिंग रोड का मामला हमेशा विवाद में रहा है। अत्याधिक लाभ के उद्देश्य से जैसे–तैसे पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल का शिलान्यास सितंबर 2019 मे तत्कालीन विधायक निर्मला निर्मला देवी के द्वारा किया गया था। जिसका प्राक्कलित राशि लगभग 7.5 करोड़ है। पैसे बचाने के उद्देश्य से पुल का निर्माण त्रिभुज के आकार में किया जा रहा है जो आगे चलकर एक बड़ा एक्सीडेंटल जॉन बन सकता है। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर उपस्थित थे।

## रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का चौथा मैच, पलामू ने सरायकेला खरसावां को 10 विकेट से हराया

### पलामू के विकास कुमार बने मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का चौथा मैच सरायकेला खरसावां तथा पलामू के बीच खेला गया । मैच में सरायकेला खरसंवा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वे 33 वे ओवरों में सभी विकेट के खोकर 162 रन बनाए । जिसमे गौरव शर्मा 53 रन का योगदान दिया । पलामू की ओर से विकास कुमार 4, अभिनव कुमार 3 तथा संदीप कुमार ने 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी पलामू ने 25वे ओवरों में 166 रन बनाकर 10 विकेट से मैच को जीत लिया । जिसमे रोहित कुमार नाबाद 70 तथा सौरव कुमार नाबाद 73 रन का योगदान दिया।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पलामू के विकास कुमार को चौंबर्स ऑफ क०मर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल के द्वारा दिया गया । मैच के अंपायर रमेश कुमार सिंह तथा हेमंत कुमार ठाकुर थे जबकि स्कोरिंग गजेंद्र कुमार ने किया । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, मैच पर्यवेक्षक अनवर मुस्तफा, रामनाथ अग्रवाल, सुनील कुमार सौंडीक, निर्दोष कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद , उमाकांत प्रसाद, संघ के उपाध्यक्ष विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार , कमिटी मेंबर नीरज कुमार सिंह , लाल आशीष नाथ शहदेव, शैलेश कुमार, दिलीप कुमार , समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

## सीएचसी बड़कागांव में फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड में फाइलेरिया के मरीजों को राहत पहुंचाने एवं उपचार करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद, उप प्रमुख बचन देव कुमार, मुख्या संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, रंजीत चौबे एवं उपेंद्र कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित फाइलेरिया के मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया गया। वर्तमान में बड़कागांव प्रखंड में फाइलेरिया के 45 मरीज सक्रिय हैं जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव से चल रहा है। प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद ने मरीजों साफ सफाई एवं सोने के समय मॉस्किटो नेट प्रयोग करने की सलाह दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रति. निधियों ने अस्पताल की विधि व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। अस्पताल में मौजूद जांच मशीनों से अवगत हुए। मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर परिमल, नवीन कुमार, नितेश कुमार, मनोज प्रभाकर, अमित लाल गुप्ता, मुकेश रवि, संजय कुमार, दीपक केरकेट्टा के अलावा दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना रेजिंग डे, सीआरपीएफ का गौरवशाली इतिहास रहा है : कमांडेंट जोशी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यलय के रेलवे स्टेशन स्थित डालडा फैक्ट्री में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ 214 बटालिएन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के जांबाज सिपाहियों के बलिदान को याद किया गया। मौके पर सीआरपीएफ 214 बटालिएन के कमांडेट केडी जोशी, अभिनव आनंद सेकेंड इन कमांडेंट, रंधीर कुमार झा सेकेंड इन कमांडेंट, संदीप शर्मा डिप्टी कमांडेंट, शाहीद मासूम डिप्टी कमांडेट सहित अन्य जवानों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ 214 बटालिएन के कमांडेट केडी जोशी ने कहा कि सीआरपीएफ का गौरवशाली इतिहास रहा है। जब–जब देश को जरूरत हुई है, सीआरपीएफ कर्मियों ने आगे बढ़कर देश की सुरक्षा–व्यवस्था और शांति को लेकर अपना बलिदान दिया है। भारत के दुश्मनों के साथ जब भी युद्ध हुआ है, सीआरपीएफ ने बहादुरी के साथ देश के दुश्मनों के दांत खट्टे किए हैं। आज सीआरपीएफ 214 बटालिएन अपना रेजिंग डे मना रहा है। इस अवसर पर सीआरपीएफ कर्मियों ने अपने देश के लिए जो बलिदान दिया है, उन शहीदों के बलिदान को आज याद करने का दिन है। विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन लातेहार जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के पास स्थित डालडा फैक्ट्री में रेजिंग डे के अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर विभिनन खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें जवानों के साथ पदाधिकारियों ने भी अपना जोहर दिखाया। इसके बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा भी उपस्थित रहे।




APEM LIVE

दिनांक: 16-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## गुरु चट्टी रामनवमी पूजा समिति के पंकज कुमार अध्यक्ष एवं उदय मेहता मीडिया प्रभारी बने

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : गुरु चट्टी कुशवाहा धर्मशाला के प्रांगण में राम नवमी पूजा लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता लाइसेंस धारी बालेश्वर महतो एवं संचालन ग्राम सचिव प्रकाश कुमार के द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव राम नवमी पूजा बड़े धूमधाम से झांकी एवं जुलूस के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, सचिव अनिल कुमार





,उपसचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष अमृत कुमार ,उप कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, संयोजक धूपन महतो ,संगठन मंत्री अवध किशोर कुमार, मीडिया प्रभारी उदय मेहता ,झांकी निर्देशक हुलास प्रसाद दांगी, तुलेश्वर कुमार, योगेंद्र कुमार, अमरेश विद्यार्थी, सूरज कुमार , निरंजन कुमार, बबलू कुमार, विक्की कुमार ,शत्रुघन कुमार ,साउंड एवं ताशा पार्टी प्रभारी कुलेश्वर कुमार उर्फ पांडे मिस्त्री , घनश्याम कुमार, प्रदीप कुमार ,संरक्षक झमन प्रसाद, जयशंकर मेहता, यदु प्रसाद दांगी, बंधु महतो, नरसिंह प्रसाद मेहता, मिठूदयाल महतो ,सुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार ,रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, द्वारिका महतो, डॉक्टर धनेश्वर प्रसाद, सहेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार, कार्यकारिणी सदस्य लालमणि महतो, रामसुंदर महतो ,प्रदीप कुमार, डालेश्वर कुमार, नितेश कुमार ,राहुल कुमार ,मनमीत कुमार ,देवेंद्र कुमार, मंडल कुमार, संदीप कुमार ,सत्यजीत विद्यालंकार ,मनीष कुमार ,कमलेश कुमार ,सुधीर कुमार ,सोमनाथ कुमार, सुदामा कुमार एवं समस्त गुरु चट्टी कुशवाहा के लोग उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने बादम, गोंदलपुरा समेत विभिन्न अधिग्रहित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : वर्षो पूर्व अनेकों कंपनियों द्वारा भूमि अधिग्रहित कर लिए जाने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलने का मामला विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में खनन कार्य हेतु कई कंपनियों द्वारा भूमि अधिग्रहित की जाती है और ऐसी अधिग्रहित की गई भूमि पर वर्षो तक खनन कंपनियों द्वारा उपयोग में नहीं लाने के बावजूद इन भूमि पर किसी तरह के विकास और कल्याण के कार्य यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा इत्यादि का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। वहीं उन्होंने सदन में प्रश्न करते हुए उदाहरण के रूप में हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम, गोंदलपुरा इत्यादि गांव में प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि उक्त ग्रामों में खनन कार्यो की शुरुआत वर्षो से नहीं हुई है और लोग आवास योजना से वंचित है।उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि जब तक कंपनियों के द्वारा खनन कार्य की शुरुआत नहीं की जाती है तब तक प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य सरकारी लाभ प्रदान कराया जाए।

## अदाणी फॉउंडेशन ने ग्रामीण इलाकों में शुरू किया सोलर लाइटें लगाने का अभियान

### दूधिया रोशनी से जगमग हुए गांव, गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत लगाई गई आठ सोलर लाइटें, 25 और लगेंगी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड के गाली और बलोदर गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया है। प्रथम चरण के तहत आठ सोलर लाइट लगाए गए हैं। इन लाइटों के लगने से गांव दूधिया रोशनी से जगमग हुए हैं। फ०उंडेशन की ओर से अगले कुछ दिनों में 25 लाइट्स और लगने हैं। 20 वाट की क्षमता वाले सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। रात के समय अंधेरे या बिजली कटौती की वजहों से हो रही दिक्कतों से ग्रामीणों को निजात मिली है। लाइट लग जाने से इलाके में आवागमन बढ़ा है और लोगों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आने वाले समय में अम्बाजीत, बादम और गोंदलपुरा में भी सोलर लाइट लगाए जाने हैं। इन लाइटों की अगले तीन वर्षो तक देखभाल भी अदाणी फॉउंडेशन की ओर से ही की जाएगी। इलाके में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत अदाणी फॉउंडेशन इलाके की आधारभूत संरचना के विकास पर अधिक ध्यान दे रहा है। ग्रामीणों की ओर से मिले फीडबैक के आधार पर कई योजनाओं पर कार्य जारी है।

**ऑफ–ऑन करने की जरूरत नहीं, सेंसर करेगा सबकुछ**

इन सोलर लाइट्स को ऑन–ऑफ़ करने की जरूरत नहीं है। ये लाइटें सेंसर के जरिए संचालित होंगी। इससे किसी व्यक्ति विशेष पर इन लाइटों को ऑन–ऑफ़ करने की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। शाम ढ़लते ही ये लाइट्स ऑन हो जाएंगे और सुबह की पहली किरण निकलने के साथ लाइटें ऑफ हो जाएंगी। इन लाइटों से गांवों में एक ओर जहां बिजली की बचत होगी, वहीं कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जिससे ग्लोबल वा. र्मिंग की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। रोशनी पर्याप्त हो इसके लिए 20 वाट का ट्यूब लगाया गया है। इन लाइटों की खासियत यह है कि यदि किसी कारण से 24 घंटे सूर्य की रोशनी नहीं मिलती है, तब भी ये गांवों की गलियों को रोशन करेंगे। पोल पर लगे सोलर पैनल से सिस्टम में लगी बैटरी चार्ज हो जायेगी और इमरजेंसी में भी काम देगी। आने वाले समय में फॉउंडेशन की ओर से स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, पूजा स्थल और बस स्टैंड आदि जगहों पर भी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

UDISE CODE - 20040105606

*Arise Awake & Achieve*

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

